दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2022 23

अभ्यास कार्य पत्र (1)

तिथि 9-5-2022

कक्षा सातवीं **विषय हिंदी**

अंक:20

- **पाठ्यक्रम:** पाठ:1 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के 'पाठ-2 दादी माँ
- बाल महाभारत कथा (1-6)
- वर्ण- विचार, अपठित गद्यांश

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(अंक-5)

पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने से ऋतुओं में परिवर्तन होता है। प्रकृति सदैव अपने रंग रूप में

परिवर्तन करती रहती है और यही परिवर्तन प्रकृति का नियम है। यही कारण है कि भारतवर्ष में छह ऋतुएँ होती हैं। सभी ऋतुओं का अपना-अपना महत्त्व है और सभी की अपनी-अपनी शोभा है, परंतु वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत और ग्रीष्म में से वसंत ऋतु का विशेष महत्त्व है। ग्रीष्म अपने भयंकर ताप से पृथ्वी को तपाता है, तो वर्षा अपने ठंडे- ठंडे जल से धरती की प्यास बुझाती है। शरद और हेमंत अपनी सर्द हवाओं से कंपन उत्पन्न करते हैं। शिशिर पेड़ पौधों के पत्तों को झाड़ देता है। इसके विपरीत वसंत सर्वत्र सौंदर्य और उल्लास बिखेर कर मानव के मन को प्रसन्नता व उमंग से भर देता है। फाल्गुन और चैत्र के दो महीने वसंत ऋतु के होते हैं। वसंत ऋतु में न अधिक गर्मी होती है, न अधिक सर्दी। जलवायु भी बहुत सुहावनी होती है।

क. ऋतुओं में परिवर्तन कैसे होता है?

ख. भारत में कितनी ऋतुएँ होती है?

ग. वसंत ऋतु के कौन- से दो महीने होते हैं?

घ. किस ऋतु में पेड़ों से पत्ते झड़ते हैं?

ङ. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र2.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में दीजिए-(अंक 8)

क. पक्षी अपनी क्या विशेषता बता रहे हैं?

ख. पक्षियों के लिए कड़वी निबौरी भी क्यों भली है?

ग. क्या कारण था कि दादी माँ ने अपने वंश की अंतिम निशानी सोने का कंगन भी अपने पुत्र को दे दिया?

घ. स्वयंवर में काशीराज की कन्याओं की अवहेलना से दुखी होकर भीष्म ने क्या किया?

प्र3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ-(अंक-2)

क. निबौरी

ख. जलाशय

प्र4.हमें पंछियों को पिंजरे में बंद रखना चाहिए या नहीं अपने विचार 50 से 60 शब्दों में प्रकट करें। (अंक 3)

प्र5.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (अंक 2)

क. वर्ण किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं नाम लिखिए।

ख. स्वर के कितने भेद हैं? नाम लिखिए।

सामान्य निर्देश-

- **अभ्यास कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि: 13-5-22**